प्रीलिम्स फैक्ट्स : 20 अप्रैल, 2018

दर्पण पीएलआई एप

केंद्रीय संचार मंत्रालय ने दर्पण पीएलआई एप लॉन्च किया जो पीएलआई और आरपीएलआई बीमा पॉलिसियों की किस्त संग्रह में सहायता प्रदान करेगा। इस एप के माध्यम से भारत के किसी भी डाकघर में किस्तें जमा की जा सकती हैं और पॉलिसी व धनसंग्रह का ऑनलाइन अपडेट संभव होगा।

- इस एप के माध्यम से उक्त बीमा पॉलिसियों की परिपक्वता दावों को डाकघर शाखा में ही निपटाया जा सकेगा।
- देश की डाक सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिये दर्पण (डिजिटल एडवांसमेंट ऑफ रूरल पोस्ट ऑफिस फॉर ए न्यू इंडिया) परियोजना लागू की गई है।
- इसका लक्ष्य देश के 1.29 लाख ग्रामीण डाकघर शाखाओं को डाक व वित्तीय लेनदेन के लिये ऑनलाइन जोड़ना है।

स्टडी इन इंडिया

एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 18 अप्रैल, 2018 को 'स्टडी इन इंडिया' (www.studyinindia.gov.in) नामक पोर्टल का शुभारंभ किया गया।

- यह पोर्टल दक्षिण एशिया, अफ्रीका, सीआईएस और मध्य-पूर्व के 30 देशों के छात्रों को 150 विभिन्न भारतीय संस्थानों में नामांकन के लिये आवेदन की सुविधा प्रदान करेगा।
- इन भारतीय संस्थानों को एनएएसी और एनआईआरएफ सूचकांकों में उच्च स्थान प्राप्त हुआ है।
- 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल का लक्ष्य विदेशी छात्रों की शिक्षा के लिये भारत को प्राथमिक गंतव्य के रूप में विकसित करना है।
- इसके तहत, इस साल विदेशी छात्रों को प्रवेश परीक्षा दिये बिना आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा।
- इसके ज़रिये छात्र भारत के विभिन्न संस्थानों की जानकारी हासिल कर पाएंगे।

जीई 3

हाल ही में एक क्षुद्रग्रह (एस्टेरॉयड) धरती के बहुत पास से गुज़रा है। नासा के वैज्ञानिकों को इसके विषय में इसके पृथ्वी के बिल्कुल करीब से गुज़रने के महज़ 21 घंटे पहले ही जानकारी प्राप्त हुई थी। इस घटना से नासा के वैज्ञानिक भी हैरान हैं।

- स्पेस डॉट कॉम के अनुसार, 2018 जीई 3 नामक यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी से करीब दो लाख किलोमीटर की दूरी से गुज़रा। यह दूरी धरती और चंद्रमा के बीच की औसत दूरी की करीब आधी है।
- यह रविवार सुबह 2:41 मिनट पर एक लाख छह हज़ार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी के पास से गुज़रा।
- इस क्षुद्रग्रह की चौड़ाई 47 से 100 मीटर के बीच होने का अनुमान है और उस क्षुद्रग्रह से 3.6 गुना बड़ा था, जिसने 1908 में तुंगुस्का में धरती से टकराने पर 2000 वर्ग किलोमीटर साईबेरिया वन को समतल बना दिया था।
- इस एस्टेरॉयड से हिरोशिमा में गिराए गए परमाणु बम से 185 गुना ज़्यादा ऊर्जा पैदा हुई थी।
- वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि 2018 जीई 3 धरती से टकराता, तो इससे क्षेत्रीय स्तर पर ही नुकसान होता लेकिन इसके कण पूरे वातावरण में फैल जाते।

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी प्रतियोगिता

दिव्यांग युवाओं के लिये वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी प्रतियोगिता (जीआईटीसी) 2018 का आयोजन नई दिल्ली में 8 से 11 नवंबर, 2018 तक किया जाएगा। इसमें वित्तीय, परिवहन, श्रमबल तथा अन्य सुविधाएँ शामिल हैं।

- भारत, कोरिया सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय व इसके सहयोगी पुनर्वास इंटरनेशनल कोरिया तथा एलजी ग्रुप के साथ संयुक्त रूप से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।
- जीआईटीसी प्रत्येक वर्ष एशिया प्रशांत क्षेत्र में आयोजित किया जाता है। कोरिया, चीन, थाईलैंड, वियतनाम जैसे देशों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं।
- अपंगता की चार श्रेणियाँ इस प्रतियोगिता में शामिल हैं। इनके नाम हैं- शारीरिक, दृष्टि, श्रवण तथा बौद्धिक।
- यह प्रतियोगिता व्यक्तिगत तथा सामूहिक स्तर पर आईटी क्षेत्र में कुशलता की परख करेगी।

- विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रतियोगिता से दिव्यांग युवाओं के आईटी कौशल को प्रोत्साहन मिलेगा तथा उन्हें भविष्य को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।
- डीईपीडब्ल्यूडी इस कार्यक्रम का प्रमुख हितधारक है। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, युवा मामले तथा खेल मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय भी इस कार्यक्रम के आयोजन में शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-20-04-2018